


@ApniStudy.in

# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश




श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश


## शैक्षणिक कैलेण्डर सत्र 2023-24

## जुलाई 2023

अद्भुत मध्यप्रदेश



श्री इंदर सिंह परमार
राज्य मंत्री
स्कूल शिक्षा (स्वतंत्र प्रभार),
सामान्य प्रशासन, म.प्र. शासन

| रविवार Sunday | सोमवार Monday | मंगलवार Tuesday | बुधवार Wednesday | गुरुवार Thursday | शुक्रवार Friday | शनिवार Saturday |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 31 <br>• उधमसिंह शहीदी दिवस<br>• शहीद उधम सिंह के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्याख्यान<br>• मुंशी प्रेमचंद जयंती<br>• मासिक टेस्ट<br>आज़ादी का अमृत महोत्सव | **कॅरियर काउंसलिंग -(IX, X)**<br>समस्त शासकीय हाई स्कूलों में गठित स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी शिक्षक का यह दायित्व होगा कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक माह में एक बुधवार को अनिवार्य रूप से विद्यार्थियों को कॅरियर की विभिन्न विधाओं में उपलब्ध कॅरियर अवसरों के बारे में काउंसलर तथा विषय विशेषज्ञों ( आई.टी.आई तथा पॉलिटेक्निक, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल तथा शासकीय महाविद्यालय के विषय विशेषज्ञ इत्यादि ) के द्वारा 40 मिनट का कॅरियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित हो तथा इसकी जानकारी एक सप्ताह पूर्व स्कूल के सूचना पटल पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो, साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि कक्षा नवीं तथा दसवीं की प्रत्येक कक्षा में यह नोटिस व्यापक रूप से प्रचारित किया जावे ताकि अधिकतम विद्यार्थी इससे लाभान्वित हो सकें। | | शाला स्तरीय विभिन्न कार्यशाला आयोजन की चरणबद्ध प्रक्रिया :-<br>• कार्यशाला का विषय निर्धारित किया जावे।<br>• विषय को चार उपविषय में विभाजित किया जावे।<br>• शिक्षक द्वारा कार्यशाला का उद्देश्य एवं अन्य जानकारी दी जाकर पूर्व से स्थापित चार सदनों को पृथक-पृथक चार उपविषय दिए जाकर विचार-विमर्श कर अभिलेखीकरण करने के निर्देश दिए जावे।<br>• विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकों, सन्दर्भ ग्रन्थ का उपयोग किया जा सकेगा।<br>• चारों समूहों द्वारा विचार-विमर्श पश्चात् ग्रुप लीडर द्वारा प्रस्तुतिकरण दिया जावे।<br>• प्रत्येक प्रस्तुतिकरण के पश्चात सामूहिक विचार-विमर्श किया जावे।<br>• अन्त में समूह द्वारा समस्त बिन्दुओं का अभिलेखीकरण प्राचार्य को प्रस्तुत किया जावे एवं निष्कर्षों को नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया जावे। इसे विद्यालय वार्षिक पत्रिका में प्रकाशित किया जावे। | खेल गतिविधियाँ<br>1. कक्षा 9से 12वीं तक समस्त विधार्थियों की पर्सनल प्रोफाईल तैयार करना जिसमें उसका वजन, ऊँचाई, रूचि वाले खेल,एवं खेलों की पूर्व उपलब्धियों का विवरण हो।<br>2. स्वच्छता एवं साफ सफाई की जानकारी देना एवं पी.टी. तथा वार्मअप एक्सरसाईज कराना<br>3. "खेलो एम.पी."योजना अन्तर्गत प्रशिक्षण प्राप्त खेलों के बारे में सैद्वांतिक एवं प्रायोगिक जानकारी (कबडडी, खो–खो, वॉलीबाल, रोपस्किपिंग, हाकी, कुश्ती एथेलेटिक्स)<br>4. "हम फिट तो इंडिया फिट" विषय पर जागरूकता रैली का आयोजन<br>5. स्थानीय एवं पारम्परिक खेलों की जानकारी एवं गतिविधियाँ | 1<br>• डॉक्टर्स डे<br>• सी.ए. दिवस<br>• स्काउट/गाइड अन्तर्गत् दल गठन /पुर्नगठन/बिगनर्स कोर्स स्काउट-गाइड मे भाग लेने वाले बच्चों का चयन, तम्बाकू निषेध संगोष्ठी का आयोजन<br>• प्रथम तीन कालखण्डों में साप्ताहिक बाल सभा का आयोजन- सबल भारत के अन्तर्गत् निबंध<br>• सीसीएलई फिल्म का प्रदर्शन |
| 2 | 3 <br>• विज्ञान क्लब की बैठक कर विज्ञान की गतिविधियों की कार्ययोजना बनाना<br>• NSS का दो दिवसीय ओरिएंटेशन प्रोग्राम<br>• गुरु पूर्णिमा पर गौरवमयी भारतीय ज्ञान परम्परा में शिक्षकों के योगदान पर परिचर्चा | 4<br>• उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम | 5<br>• प्राचार्य द्वारा कार्यालय का अवलोकन कर पंजी में टीप दर्ज करना।<br>• ओजस क्लब की गतिविधियाँ<br>• सड़क सुरक्षा से संबंधित विषयों पर चित्रकला / निबंध प्रतियोगिता का आयोजन | 6<br>• श्यामाप्रसाद मुखर्जी जयंती<br>• गत वर्ष की कक्षा 9वीं की वार्षिक परीक्षा में 50% से कम परिणाम वाले इस वर्ष कक्षा 10वीं में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए निदानात्मक कक्षाएँ निर्धारित समय सारणी अनुसार प्रारम्भ करना। | 7<br>• प्राचार्य द्वारा पुस्तकालय एवं प्रयोगशाला का अवलोकन कर पंजी में टीप दर्ज करना | 8<br>• प्रथम तीन कालखण्डों में साप्ताहिक बाल सभा का आयोजन- सबल भारत के अन्तर्गत् आशुभाषण |
| 9 | 10 | 11<br>• विश्व जनसंख्या दिवस (ईको क्लब अन्तर्गत् रोल प्ले आयोजन)<br>• प्राचार्य द्वारा लिपिकीय स्टाफ के साथ स्थाई एजेण्डा पर बैठक<br>• उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम | 12<br>• ओजस क्लब की गतिविधियाँ | 13 | 14<br>• NSS के दल द्वारा प्रांगण सफाई एवं बगीचा निर्माण/वृक्षारोपण | 15<br>• प्रथम तीन कालखण्डों में साप्ताहिक बाल सभा का आयोजन- सबल भारत के अन्तर्गत् प्रश्नोत्तरी/क्विज<br>• कॅरियर काउंसिलिंग हेतु विशेषज्ञ व्याख्यान<br>• इको क्लब दिवस<br>• इको क्लब के अन्तर्गत् पानी रोको अभियान अथवा जल का पुनः चक्रण, काग़ज/कचरे का पुन:उपयोग, वर्मी कम्पोस्टिंग के उपयोग आधारित बागबानी<br>• ईको क्लब की गतिविधियाँ |
| 16 | 17<br>• स्काउट/गाइड दल का गठन ( 24 अथवा 32 छात्र-छात्राएँ ) | 18<br>• NSS दल द्वारा गोदग्राम/झुग्गी बस्ती का चयन कर भ्रमण करना एवं ग्राम / बस्ती वासियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं समझना।<br>• उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम | 19<br>• संकुल/जनशिक्षा केन्द्र स्तरीय बैठक<br>• ओजस क्लब की गतिविधियाँ | 20 | 21<br>• स्काउट/गाइड दल द्वारा वृक्षारोपण करना | 22<br>• प्रथम तीन कालखण्डों में साप्ताहिक बाल सभा का आयोजन- सबल भारत के अन्तर्गत् नृत्य/संगीत ( लोककला एवं शास्त्रीय ) |
| 23<br>• लोकमान्य तिलक जयन्ती/शहीद चन्द्रशेखर आजाद जयन्ती<br> | 24<br>• PTA/SMDC की स्थाई एजेण्डा पर बैठक<br>• स्काउट/गाइड अन्तर्गत् प्रवेश का पाठयक्रम प्रारंभ करना ( 3 माह पूर्ण करना ) वृक्षारोपण कार्यक्रम | 25<br>• प्रार्थना सभा में ईको क्लब द्वारा जंगलों को न काटने, कार्बन उत्सर्जन बंद करने, वर्षा के पानी को सहेजने का संकल्प लिया जावे।<br>• उमंग स्कूल हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम | 26<br>• प्रार्थना सभा में लोकमान्य तिलक जयन्ती/शहीद चन्द्रशेखर आजाद जयन्ती - के उपलक्ष्य में स्वराज की परिकल्पना को साकार करने में क्रांतिकारियों की भूमिका पर संवाद<br>• ओजस क्लब की गतिविधियाँ | 27<br>• डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम पुण्यतिथि पर प्रार्थना सभा में उनके व्यक्तित्व की जानकारी<br>• प्राचार्य द्वारा प्रत्येक छात्र की गृहकार्य / अभ्यास पुस्तिका बुलाई जाकर देखा जावे कि विषय शिक्षक द्वारा जाँचकर त्रुटियों का सुधार किया गया है। | 28<br>• शिक्षकीय स्टॉफ के साथ स्थाई एजेण्डा पर बैठक<br>• स्काउट/गाइड अन्तर्गत् बिगनर्स कोर्स चयनित शिक्षक/शिक्षिका को प्रशिक्षण मे भिजवाना एवं जिले से 32 स्काउट-गाइड की यूनिफार्म व पाठ्यक्रम की पुस्तकें क्रय करना | 29<br>• मोहर्रम |

कुल शैक्षिक कार्य दिवस :- 25
शासकीय अवकाश :- 29-मोहर्रम
ऐच्छिक अवकाश :- 3-गुरु पूर्णिमा 6-गदीर ए खुम
27-योम ए अशरा


### मध्य प्रदेश से पद्म भूषण पुरस्कार विजेता



सूर्य नारायण व्यास
साहित्य एवं शिक्षा-1958



उस्ताद हाफ़िज़ अली खाँ
कला-1960



माखनलाल चतुर्वेदी
साहित्य एवं शिक्षा-1963

बालसभा सबल भारत

• कैलेण्डर में उल्लेखित महापुरुषों की जयंती / पुण्यतिथि एवं महत्वपूर्ण दिवसों के सम्बन्ध में प्रार्थना सभा में जानकारी दी जावे।



PDF @ApniStudy.in

सभी कॉलेज/यूनिवर्सिटी एवं स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित संपूर्ण जानकारी के लिए फॉलो करें !!

Apni Study

@apnistudy.in

@ApniStudy.in